25.5.17

प्रश्नावली कोर्ट केन्द्र | नवाब बाग के द्वार मोतीबाद में दिनांक 25-5-17 को उद्घाटन हुआ, फैसला भवन के निरस्त जाकर ग्रामीण प्रश्नावली किया गया।

प्रश्नावली केशव शुरू होकर नगर के बन हो।

उपखण्ड अधिकारी
कोटखावदा

न्यायालय सहायक कलेक्टर भीलवाडा, कैम्प कोर्ट – भोपालगढ

पीठासीन अधिकारी– राजलक्ष्मी गहलोत, आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या :– 216 / 2016

1. कृष्ण गोपाल पिता रामस्वरूप नुवाल, निवासी – 2 क्यू–17 आर0सी0 व्यास कॉलोनी, भीलवाडा।
2. अमित पिता शिवरतन नुवाल, निवासी – 2 क्यू–17 आर0सी0 व्यास कॉलोनी, भीलवाडा।

–प्रार्थीगण

बनाम

1. नाथुसिंह राजपुत पिता नाहर सिंह राजपूत, निवासी ग्राम नौगांवा तहसील व जिला भीलवाडा।
2. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार भीलवाडा।

—विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राज.अधि., 1956

निर्णय

दिनांक 25.05.2017

प्रार्थीगण के अधिवक्ता की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राज. भू–राज.अधि., 1956 के तहत इस कार्यालय मे दिनांक 24.11.2016 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम नौगांवा पटवार हल्का भोपालगढ, तहसील व जिला भीलवाडा में स्थित आराजी संख्या 414 / 2 रकबा 00–18 बीघा, आराजी संख्या 414 / 1 रकबा 00–15 बीघा, आराजी संख्या 414 रकबा 00–04 बीघा, आराजी संख्या 1055 / 414 रकबा 00–03 बीघा, कुल किता 04 कुल रकबा 02–00 बीघा कृषि भूमि स्थित है। उक्त आराजी के विपक्षीगण पड़ौसी है। प्रार्थीगण एंव विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नहीं होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता है। प्रार्थीगण अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावें ।

प्रार्थना पत्र पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थीगण के अधिवक्ता उपस्थित, बहस सुनी गई। विपक्षीगण संख्या 01 उपस्थित नहीं होने से इनके विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही की गयी। बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से निःसंदेह है कि प्रार्थीगण स्वंय के खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है, वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अभिलेख मे किसी प्रकार से परिवर्तन होने का अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार के अधिकार निर्धारित किए जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक सिद्धान्त के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार योग्य है।

आदेश

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिये जाते है कि ग्राम नौगांवा पटवार हल्का भोपालगढ, तहसील व जिला भीलवाडा में स्थित आराजी संख्या 414 / 2 रकबा 00–18 बीघा, आराजी संख्या 414 / 1 रकबा 00–15 बीघा, आराजी संख्या 414 रकबा 00–04 बीघा, आराजी संख्या 1055 / 414 रकबा 00–03 बीघा, कुल किता 04 कुल रकबा 02–00 बीघा भूमि की पत्थरगढी उक्त आराजी में फसल कंट जाने के पश्चात 15 दिवस में उभय पक्षकारान को विधिवत नोटिस जारी कर तामील करा उभय पक्षकरान की उपस्थिति में करा देंवे। प्रार्थी इस कार्य के लिये तहसील भीलवाडा में 200 /– अक्षरे दो सौ रूपये बतौर खर्चा सरकारी मद में राजकोष मे जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500 /– रूपये संबंधित गिरदावर हल्का को मौके पर भुगतान करना होगा। खर्चा राशि जमा होने पर तहसीलदार भीलवाडा विधिवत पत्थरगढी कर पालना रिपोर्ट भिजावे।

आदेश आज दिनांक 25.05.2017 को पृथक से लिखाया जाकर शामिल फाईल किया गया। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर दाखिल दफ्तर की जावें।

(राजलक्ष्मी गहलोत)

उपखण्ड अधिकारी एवं

सहायक कलेक्टर

कैम्प ... भीलवाडा